एचडीएफसी एर्गो ने बिजनेस कार्डधारकों को विशिष्ट बीमा पॉलिसियाँ देने के लिये वीजा के साथ साझेदारी की

<u>मुंबई, 2 जून 2021</u> : एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेन्स भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनी है। उसने डिजिटल पेमेंट्स में अग्रणी, वीजा के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के अंतर्गत वीजा के बिजनेस कार्डधारकों को विशेष बीमा कवर मिलेंगे।

शुरूआत में यह साझेदारी दो बीमा उत्पादों की पेशकश करेगी - बिजनेस सुरक्षा क्लासिक और माय:क्रेडिट पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेन्स ग्रुप पॉलिसी:

1. **बिजनेस सुरक्षा क्लासिक पॉलिसी** छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को आग, बाढ़, भूकंप, सेंधमारी, अलमारी में रखी नगदी, आदि दुर्घटनाओं के लिए एक सुरक्षा तंत्र प्रदान करेगी। इसके साथ फायर सेक्शन में उन्नत ऐड-ऑन होंगे, जैसे कि आकस्मिक दहन, बीमा के अंतर्गत 15% तक की राहत, आर्किटेक्ट/सर्वे करने वाले के शुल्क पर अधिक सीमाएँ और मलबा हटाना।

2. **माय:क्रेडिट पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेन्स ग्रुप पॉलिसी** को व्यापक आधार पर बीमा की दो अलग प्रस्तावों - एक्सीडेंट शील्ड और परमानेंट डिसैबिलिटी प्लान में विभाजित किया गया है, जिन्हें व्यक्तिपरक बनाया जा सकता है । एक्सीडेंट शील्ड के अंतर्गत बीमित राशि एक व्यक्ति (या व्यक्ति के परिवार) को प्रदान की जाएगी, यदि बीमित व्यक्ति दुर्घटना के कारण लगी चोट को सहन कर लेता है और दुर्घटना होने के बारह महीनों के भीतर वह दुर्घटना मृत्यु का एकमात्र और प्रत्यक्ष कारण हो। यदि बीमित व्यक्ति किसी दुर्घटना के कारण स्थायी रूप से विकलांग हो जाता है, तो प्लान के अंतर्गत बीमित राशि के अनुसार व्यक्ति को परमानेंट डिसैबिलिटी बेनेफिट का कवर मिलेगा।

इस भागीदारी के बारे में **एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेन्स कंपनी में बैंकऐश्योरेन्स बिजनेस के प्रेसिडेंट, श्री अंकुर बहोरे** ने कहा कि, *"एसएमई मालिकों पर व्यवसाय में जोखिम के प्रबंधन के मामले में पारंपरिक रूप से कम ध्यान दिया गया है और इस कारण वे अक्सर चोरी या दैवीय आपदा, आकस्मिक रोग, उनके नियंत्रण से बाहर के कारणों से कमाई में कमी आदि कई कारकों के प्रति अरक्षित हो जाते हैं। उन्हें अपने कर्मचारियों के हितों, संपत्तियों और देयता के प्रबंधन, और सबसे बढ़कर परिवार की सुरक्षा का भी ध्यान रखना पड़ता है। हमारा मानना है कि एसएमई को अब ऐसी अनियोजित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से उबरने के लिये एक मजबूत वित्तीय रणनीति बनाने की जरूरत है। इस भागीदारी से हम एसएमबी मालिकों और उनके कर्मचारियों को समाधान और सुरक्षा का बोध देंगे।"*

श्री मनीष दासवानी, हेड - बिज़नस सलूशंस, भारत और दक्षिण एशिया, वीजा बिजनेस सॉल्यूशंस के हेड ने कहा कि, *"छोटे व्यवसाय महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए वर्गों में शामिल हैं और वीजा न्यू नॉर्मल में चलने और बढ़ने में उनकी मदद करने के लिये प्रतिबद्ध है। हम अपने वीजा बिजनेस कार्डधारकों के लिये विशेषीकृत बीमा समाधान लाने के लिये एचडीएफसी एर्गो के साथ भागीदारी कर रोमांचित हैं। यह शर्तिया प्लान एमएसएमई की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गये हैं और इनका लक्ष्य हमारे कार्डधारकों और उनके व्यवसायों की वित्तीय सेहत और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।"*

माय:क्रेडिट पर्सनल एक्सीडेंट पॉलिसी कुल 1 करोड़ रूपये की बीमित राशि प्रदान करती है, जो कार्डधारक की ऋण सीमा पर निर्भर है और इसकी अवधि 1 वर्ष है। इसके अलावा, 18 से 60 वर्ष के वयस्क यह पॉलिसी लेने के

लिये योग्य हैं। इस पॉलिसी को व्यक्तिपरक बनाया जाता है और इसके फायदे विशेष रूप से वीजा के ग्राहकों को प्रदान किये जाते हैं।

एचडीएफसी एर्गो 'डिजिटल को प्राथमिकता' देने वाली बीमा कंपनी है और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर इस कंपनी ने खासकर वीजा ग्राहकों के लिये एक पोर्टल डिजाइन किया है। ग्राहक नीचे दिये गये लिंक्स पर जाकर उत्पाद का विवरण देख सकते हैं या उसे खरीद सकते हैं :

- बिजनेस सुरक्षा क्लासिक - https://bit.ly/3oTKO8A
- माय:क्रेडिट पर्सनल एक्सीडेंट-ग्रुप - https://bit.ly/34iCpSS

एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के विषय में

एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचडीएफसी) और जर्मनी के म्युनिक रे ग्रुप की अग्रणी बीमा कंपनी एर्गो इंटरनेशनशल एजी का संयुक्त उपक्रम है। इस संयुक्त उपक्रम की क्स्थापना दोनों कंपनियों की पूरक कौशल व्यवस्था और शक्तियों के साथ 2008 में की गई थी। एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स में संपूर्ण रेंज की पेशकश करती है। इसमें रिटेल क्षेत्र में मोटर, हेल्थ, होम, ऐग्रीकल्चर, ट्रैवेल, क्रेडिट, साइबर और व्यक्तिगत दुर्घटना और कॉर्पोरेट क्षेत्र में प्रॉपर्टी, मरीन, इंजीनियरिंग, मरीन कार्गो, ग्रुप हेल्थ और लायबिलिटी बीमा की पूरी श्रृंखला मुहैया करती है। कंपनी द्वारा ग्रामीण सुरक्षा, परिवार सुरक्षा, फसल, मौसम एवं मवेशी बीमा सहित ग्रामीण भारत के लिए उत्पादों की रेंज भी पेश की जाती है। मॉस्किटो डिजीज प्रोटेक्शन पॉलिसी, ई@सिक्योर, टाइटल एवं सोलर एनर्जी शॉर्टफॉल इंश्योरेंस जैसे अभिनव बीमा उत्पादों ने भी बीमा को अपनाए जाने के तरीकों में मील के पत्थर स्थापित किए हैं और ये ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हैं।

विगत कुछ वर्षों में एचडीएफसी एर्गो ने न केवल उभरते बाज़ार के ज़रूरतों के अनुरूप बनने, बल्कि अपनी पेशकशों के मामले में पथप्रदर्शक बनने का लगातार प्रयास किया है. जमीनी स्तर चीजों की गहरी समझ के साथ इस कंपनी ने अत्यंत लक्षित नए उत्पादों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित साधनों तथा टेक्नोलॉजी का सिलसिला खड़ा किया है। फिर चाहे ये विशिष्ट बीमा उत्पाद हों, या एकीकृत ग्राहक सेवा मॉडल्स, श्रेणी में सर्वोत्तम दावा निपटान प्रक्रिया और प्रौद्योगिक रूप से अनेकानेक नवाचारी समाधान, कंपनी ने हर टच-प्वाइंट एवं हर उपलब्धि पर अपने ग्राहकों को खुश किया है। कंपनी देशभर में बीमा की पहुँच एवं प्रभाव बढ़ाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करने में बाजार अग्रणी है।

हाल ही में, कंपनी ने एचडीएफसी एर्गो हेल्थ इंश्योरेंस (पूर्व में अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस) के साथ एचडीएफसी एर्गो का विलय पूरा करने की घोषणा की थी, जो 13 नवंबर 2020 को प्रभावी हुआ था। यह 2017 में एलऐंडटी जनरल इंश्योरेंस के विलय के बाद भारत के सामान्य बीमा क्षेत्र में दूसरा सफलतम विलय है।

व्यापक वितरण नेटवर्क तथा 24x7 सपोर्ट टीम के सहारे, यह कंपनी अपने ग्राहकों को निर्बाध ग्राहक सेवा और नवाचारी उत्पाद मुहैया करती है। एचडीएफसी अर्गो तथा कंपनी द्वारा पेश किये जाने वाले उत्पादों एवं सेवाओं पर अधिक जानकारी के लिए कृपया विजिट करें - https://www.hdfcergo.com/hindiml/

वीजा के विषय में :

वीजा इंक (NYSE: V) डिजिटल पेमेंट्स में वैश्विक अग्रणी है। हमारा मिशन है दुनिया को सबसे खोजपरक, भरोसेमंद और सुरक्षित पेमेंट नेटवर्क के माध्यम से जोड़ना – लोगों, व्यवसायों और अर्थव्यवस्थाओं को वृद्धि के लिये सक्षम

बनाना। हमारा एडवांस्ड वैश्विक प्रोसेसिंग नेटवर्क वीजानेट दुनिया भर में सुरिक्षत और विश्वसनीय पेमेंट्स प्रदान करता है और एक सेकंड में 65000 से ज्यादा ट्रांजैक्शन मेसेजेस संभालने में समर्थ है। कंपनी लगातार नवाचार पर केन्द्रित रहती है, जिससे हर किसी के लिये, कहीं से भी, किसी भी यंत्र पर डिजिटल कॉमर्स की तीव्र वृद्धि होती है। दुनिया के एनालॉग से डिजिटल में आने के साथ, वीजा कॉमर्स के भविष्य को नया आकार देने के लिये अपने ब्राण्ड, उत्पादों, लोगों, नेटवर्क और परिमाण का दोहन कर रहा है। ज्यादा जानकारी के लिये, About Visa, Visa blog और @VisaNews देखें।

मीडिया सम्पर्क :

एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	
सिद्धार्थ पाटकर	**अभिजीत लाभे**
एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी	वेबर शैंडविक
+91 7506338912	+91 9820122387
corpcomm@hdfcergo.com	alabhe@webershandwick.com

वीजा
उमा बालकृष्णन
+91 8291312162
ubalakri@visa.com